राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

श्री बागडे ने राजभवन में वृक्षारोपण किया

राज्यपाल ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन पर बधाई और शुभकामनाएं दी

कहा, श्री मोदी स्वप्न द्रष्टा प्रधानमंत्री, उनके नेतृत्व में राष्ट्र तेजी से विकास पथ पर आगे बढ़ रहा

जयपुर, 17 सितम्बर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की है।

श्री बागडे ने कहा प्रधानमंत्री के नेतृत्व में राष्ट्र में निरंतर सर्वांगीण विकास के कार्य हुए हैं। उन्होंने श्री मोदी को स्वप्न द्रष्टा प्रधानमंत्री बताते हुए देश में विकास के लिए उनकी पहल पर हुए कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि ''विकसित भारत'' का उनका संकल्प भारत को फिर से विश्व गुरु के रूप में स्थापित करेगा। उन्होंने श्री मोदी के स्वस्थ एवं मंगलमय जीवन हेतु ईश्वर से प्रार्थना की।

इससे पहले श्री बागडे ने राजभवन में प्रधानमंत्री की पहल पर देशभर में वृक्षारोपण के लिए चलाए जा रहे अभियान ''एक पेड़ मां के नाम'' के अंतर्गत राजभवन के औषधीय उद्यान में पौधारोपण किया।